# प्रेस नोट

## साइबर सेल/थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी

**दिनांक – 31.08.2026**

✓ **झाँसी पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही**

✓ **थाना प्रेमनगर/साइबर सेल द्वारा साइबर ठगी की कुल ₹31,810/- धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई गई**

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ0प्र0 लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री प्रिया सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रेमनगर/साइबर सेल द्वारा साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्यवाही की गई।

थाना प्रेमनगर क्षेत्र के **03 साइबर पीड़ितों** के साथ हुई यूपीआई फ्रॉड की घटनाओं में त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंकों के माध्यम से धनराशि को होल्ड कराया गया तथा **MRM पोर्टल** के माध्यम से दिनांक 31.08.2026 को कुल **₹31,810/- (इकतीस हजार आठ सौ दस रुपये)** की धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई गई।

**बरामद/वापस कराई गई धनराशि का विवरणः-**

1. आवेदक लियाकत अली निवासी न्यू पुलिस चौकी सैन्ट वारिस स्कूल के पास, सैकलानाबाद नगरा, थाना प्रेमनगर, झाँसी **₹16,810/-**
2. आवेदक शाह मो0 निवासी पुलिया नं0 महाराज सिंह नगर, थाना प्रेमनगर, झाँसी - **₹10,000/-**
3. आवेदक ससेन्द्र कुमार निवासी राजगढ़, थाना प्रेमनगर, झाँसी- **₹5,000/-**

इस प्रकार साइबर सेल/थाना प्रेमनगर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए **कुल ₹31,810/-** की धनराशि साइबर पीड़ितों को वापस कराई गई। धनराशि वापस प्राप्त होने पर पीड़ितों द्वारा झाँसी पुलिस की कार्यवाही की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया गया।

**धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीमः-**

1. निरीक्षक तुलसीराम पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी।
2. उ0नि0 रविकान्त शुक्ल, प्रभारी साइबर सेल, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी।
3. म0का0 सपना कुमारी, साइबर सेल, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी।
4. रि0आ0 प्रिंस गौतम, साइबर सेल, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी।